## एक नजर में

### फूल डोल निकले, ठाकुरजी का जलवा पूजन



**घट्टिया।** जल झुलनी एकादशी पर बुधवार को नगर में फूल डोल चल समारोह निकाला गया। स्थानीय चारभुजा नाथ मंदिर, बड़े राम मंदिर, राम लक्ष्मण सीता मंदिर, राम हनुमान मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर से ठाकुरजी भगवान को डोल में विराजित कर ढोल-ढमाकों अखाड़ों के करतब के साथ नगर भ्रमण कर ग्राम पंचायत प्रांगण में सरपंच यशवंत मालवीय सहित पंचायत बॉडी द्वारा पूजन अर्चन किया गया। इसी के साथ नगर के मार्गो से निकले डोल का जगह जगह महिलाओ ने पूजन अर्चन कर गोद भराई की। इसके पश्चात बाजार वाली बावड़ी पर ठाकुरजी का जलवा पूजन कर महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

### मुंडला पर्वल में नाग मंदिर पर मन्नत के निशान चढ़ाए



**महिदपुर।** ग्राम मुंडला पर्वल स्थित प्राचीन एवं ऐतिहासिक नागदेव एवं वीर तेजाजी मंदिर में तेजादशमी के पावन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली नागदेव एवं तेजाजी महाराज की विधि विधान से पूजा- अर्चना की गई। श्रद्धालुओं द्वारा मन्नत पूरी होने पर सैकड़ो की संख्या में आस्था के निशान चढ़ाए गए, इस दौरान मुंडला पर्वल में ढोल- ढमाकों और अखाड़े के साथ रंग-बिरंगे निशान लेकर नागदेव, वीर तेजाजी मंदिर मन्नतधारीयों पहुंचे। वहां पर दोपहर पश्चात बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद थे। आरती पश्चात महाप्रसादी का वितरण हुआ। जानकारी मेहरबान सिंह तंवर द्वारा दी गई।

### पाबू राठौड़ के जन्मोत्सव पर कलश यात्रा एवं भव्य शोभा यात्रा निकाली



**उज्जैन।** भारत देश अनेकानेक संस्कृति, भाषा और लोक कथाओं का संगम है। और उन्हीं में से एक लोक कथा राजस्थान में प्रसिद्ध है। जिसे पाबू जी राठौड़ की फड़ कहा जाता है। इस कथा के मुख्य देव नायक समाज के आराध्य देव है। जिन्हें संपूर्ण नायक समाज अपने आराध्य देव के रूप में पूजता है। राजस्थान के प्रमुख लोक देवताओं में श्री श्री 1008 श्री पाबू जी राठौड़ का नाम प्रसिद्ध है। जो कि पर्यावरण एवं गौ रक्षक के रूप में भी जाने जाते है। समाजजनो ने बताया कि जिस पर्यावरण एवं वन्य जीव की रक्षा की बात आज संपूर्ण विश्व कर रहा है। उस पर्यावरण एवं वन्य जीव के संरक्षण की सीख हमारे आराध्य देव हजारों साल पहले ही दे गए थे। ऐसे पर्यावरण प्रेमी, गौ रक्षक, हमारे आराध्य देव श्री श्री 1008 श्री पाबू जी राठौड़ के जन्मोत्सव दिवस के उपल्क्ष में श्री क्षत्रिय मारवाड़ नायक समाज युवा संगठन एवं समाजजन की सभ्यता, संस्कृति श्रद्धा के प्रतीक, गौरक्षक श्री श्री 1008 लक्ष्मण अवतार आराध्य देव पाबू राठौड़ के जन्मोत्सव पर सोमवार को कलश यात्रा, अखंड ज्योत व भव्य शोभा यात्रा मक्सी रोड स्थित देवल माता मंदिर से पूजन आरती के पश्चात शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए यात्रा फाजलपुरा धर्मशाला पहुंची। शोभा यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। जहां कार्यक्रम का समापन हुआ। कलश यात्रा के दौरान प्रदेश अध्यक्ष सुभाष राठौड़, महेश सोंधिया, बबलू नायक, राजू देवड़ा, सुरेश नायक, विनोद राठौर, बंसीलाल भाटी, जितेंद्र राठौर, संतोष पंवार, राधेश्याम आदि उपस्थित रहे।

### जयपुर के यात्री का बैग मैजिक में छूटा, ढूंढकर सौंपा



**उज्जैन।** उज्जैन परिवार सहित बाबा महाकाल के दर्शन करने आए जयपुर के यात्रियों का बैग गुम गया। जिसमें नगद राशि और जरूरत का सामान था, परेशान यात्रियों की मदद को महेंद्र कटियार तथा महाकाल थाना पुलिस आगे आई और कड़ी मशक्कत कर यात्री का बैग उन्हें ढूंढकर दिलवाया। महेंद्र कटियार ने बताया कि दिलीप कुमार निवासी शिव विहार कॉलोनी जयपुर का बैग मैजिक में रह गया था। इसकी जानकारी जब महेंद्र कटियार को लगी तो वे पीड़ित को लेकर महाकाल थाने पहुंचे। यहां पुलिसकर्मी मनीष यादव से मुलाकात हुई। उनके साथ वहां पहुंचे मैजिक ने जहां छोड़ा था। आसपास के कैमरे की मदद से गाड़ी नंबर निकाल कर गाड़ी को ढूंढने का प्रयास किया। ट्रैफिक थाने से संपर्क कर जानकारी निकाली। आसपास के लोगों से पूछताछ कि तो पता चला यह गाड़ी रेलवे स्टेशन से चलती है और डाबरी पीठा में किसी की है। डाबरीपीठा में जाकर संपर्क किया तो मालूम हुआ यह गाड़ी विमल कुमार की है। उनसे संपर्क किया तो उन्होंने अपनी गाड़ी में बैग तलाशा, तो गाड़ी की छत पर बैग रखा हुआ था जिसका आभास उन्हें भी नहीं था की सवारी का कोई सामान गाड़ी में छूट गया है। बैग लेकर थाने आए और दिलीपकुमार को सुपुर्द किया। यात्री के मन में खुशी की लहर छा गई। यात्रियों ने उज्जैन पुलिस एवं महेंद्र कटियार को धन्यवाद दिया।

# इंदौर के विवान जैन व ग्वालियर की मान्या बंसल बने राज्य सबजूनियर शतरंज चैंपियन

**उज्जैन। आल इंडिया चेस फेडरेशन एवं मप्र चेस एडहॉक कमिटी के तत्वावधान में उज्जैन डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन द्वारा बुध्दिबल चेस एकेडमी तथा नटखट प्ले स्कूल के सहयोग से आयोजित मप्र सब जूनियर सिलेक्शन फिडे रेटिंग चेस चैंपियनशिप 2025 का समापन हुआ।**



समापन समारोह व्यवसायी सन्नी खत्री, युक्ति खत्री, आंशिक सेठी, आशीष मोहिते के आतिथ्य, विशेष अतिथि सुनील सोनी इंदौर एवं अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक यशपाल अरोरा एवं प्रतीक सिंह तोमर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में 8 चक्रों के पश्चात इंदौर के विवान जैन एवं आरव पोरवाल के बीच 7.5 अंकों के साथ टाई हुआ। जिसमें बकल्स अंकों के आधार पर विवान जैन प्रथम एवं आरव पोरवाल द्वितीय स्थान पर रहे।

मध्य प्रदेश शतरंज संघ के सचिव कपिल सक्सेना, नीरज सिंह कुशवाह एवं उनकी टीम के प्रयास से खेल दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय सब जूनियर फीडे रेटेड राज्य चयन शतरंज स्पर्धा अभूतपूर्व सफ़लता के साथ आयोजित की गई। इस स्पर्धा में राज्य के 25 जिलों के 37 फीडे रेटेड खिलाड़ियों सहित 240 से अधिक खिलाड़ियों ने बढ़चढकर भाग लिया।

हमारे जीवन में खेलों के महत्व के साथ ही मेजर ध्यानचंद जी के द्वारा दिए गए अमूल्य योगदान के बारे में भी प्रतिदिन सभी खिलाड़ियों एवं परिजनों को अवगत कराया गया। प्रतियोगिता के दौरान रोमांचक मुकाबले देखने को मिले और विभिन्न आयु वर्गों में शानदार विजेता उभरे। अंडर 15 बालक वर्ग में टॉप 4 खिलाड़ियों में प्रथम विवान जैन इंदौर, द्वितीय आरव पोरवाल इंदौर, तृतीय दर्शिल अय्यर इंदौर, चतुर्थ व्योम उपाध्याय ग्वालियर रहे। बालिका वर्ग में प्रथम मान्या बंसल ग्वालियर, द्वितीय लावण्या जुनेजा छिंदवाड़ा, तृतीय अनुष्का वर्मा देवास, चतुर्थ प्रिशा महेश्वरी इंदौर रहे।

ये विजेता गाज़ियाबाद, उत्तरप्रदेश मे होने वाली सब जुनियर (अंडर - 15) राष्ट्रीय चैम्पीयनशिप मे मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। अन्य परिणाम में अंडर - 13 बालक वर्ग में प्रथम अनीमेश यादव सागर, द्वितीय शुभ खत्री ग्वालियर, तृतीय प्रनीत चोरघड़े भोपाल रहे। बालिका वर्ग में प्रथम अनुकृति यादव सागर, द्वितीय अदिति यादव ग्वालियर, तृतीय माईशा फ़राज़ इंदौर रहे।

अंडर 11 बालक वर्ग में प्रथम वेद नायर इंदौर, द्वितीय सोनी प्रणंजय उज्जैन, अपार मकवाना इंदौर, बालिका वर्ग में प्रथम देविना चावला उज्जैन, द्वितीय अग्रिमा पाटीदार धार, तृतीय देशना जैन इंदौर, अंडर-9 बालक वर्ग में प्रथम मेदांत जैन भोपाल, द्वितीय अयाचित ऋद्धेश देवास, तृतीय मोनिश उइके जबलपुर, बालिका वर्ग में प्रथम नाइशा जैन इंदौर, द्वितीय जयती वागेरिया इंदौर, तृतीय इरा कक्कर उज्जैन, अंडर 7 बालक वर्ग में प्रथम अद्वैत कुमार शर्मा इंदौर, द्वितीय रुद्रांश भास्कर कटियार उज्जैन, तृतीय मिश्रा प्रज्ञान ग्वालियर, बालिका वर्ग में प्रथम योग्या बत्रा इंदौर, द्वितीय रुत्वी कुलकर्णी उज्जैन रहीं।

बेस्ट स्कूल प्राइज भी दिये गये। जिसमें एमरल्ड हाइट्स, इंदौर (प्रथम), श्री सत्य साई इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर (द्वितीय), सेंट मैरीज़ स्कूल, उज्जैन (तृतीय) रहे। आयोजन समिति ने सभी खिलाड़ियों, अभिभावकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता प्रदेश के शतरंज विकास में मील का पत्थर साबित होगी। संचालन नीरज सिंह कुशवाह ने किया आभार एवं धन्यवाद आयोजन सचिव रोहित परमार ने माना। जानकारी रूपेश कुमारी कुशवाह ने दी।



## सामूहिक क्षमायाचना के साथ अरिहंत सोशल ग्रुप ने किया तपस्वियों का बहुमान

**उज्जैन।** अरिहंत सोशल ग्रुप द्वारा सामूहिक क्षमायाचना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर्युषण महापर्व में तपस्या करने वाले सदस्यों का सम्मान भी किया गया। संस्था अध्यक्ष गुनवंत शाह ने क्षमापना पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व आत्मा की शुद्धि और आंतरिक शांति का प्रतीक है। इसका मुख्य उद्देश्य दूसरों की गलतियों को माफ करना, स्वयं की भूलों के लिए क्षमा मांगना और मन से दुर्भावना व क्रोध को त्यागकर शांतिपूर्ण जीवन जीना है। संचालन कर रहे संस्था सचिव आशीष नांदेचा ने बताया कि जैन धर्म में तपस्या आत्मा की शुद्धि और कर्मों के नाश का साधन है, जिसका अंतिम उद्देश्य मोक्ष की प्राप्ति है। उन्होंने कहा कि जो सदस्य तपस्या नहीं कर पाते, वे तपस्वियों का बहुमान कर भी पुण्य लाभ अर्जित कर सकते हैं। ग्रुप कोषाध्यक्ष राकेश कांठेड़ और पूर्व अध्यक्ष अजीत पगारिया का आठ उपवास की तपस्या के लिए विशेष सम्मान किया गया। संस्था के सदस्यों ने सामूहिक क्षमायाचना कर आपसी स्नेह और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर अरिहंत सोश्यल ग्रुप के संयोजक राजेंद्र चेलावत ने ग्रुप को 28 वर्ष पूर्ण करने पर बधाई दी और सेवा कार्यों में सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया।

## क्लासिक पॉवर लिफ्टिंग स्पर्धा में सावन, तनवीर, निधि बने स्ट्रांग मैन और स्ट्रांग वूमेन

**उज्जैन।** मेजर ध्यान चंद की जयंती एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में उज्जैन जिला पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन की अगुवाई में आयोजित 27वीं जिला स्तरीय क्लासिक पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन क्षीरसागर कुश्ती एरीना पर हुआ।




कार्यक्रम की अध्यक्षता उज्जैन जिला पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष जयसिंह यादव ने की। जिला पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन सचिव, कार्यकम संचालक कमल नंदवाना ने बताया कि चैम्पियनशिप के पुरस्कार वितरण समारोह में मध्य प्रदेश पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के संरक्षक प्रेम सिंह यादव, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शैलेंद्र व्यास, विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा, तराना विधायक महेश परमार, राज्य शरीर सोष्ठव संस्था के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाह, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी, उज्जैन पुलिस अधीक्षक प्रदीप मिश्रा, सहायक पुलिस अधीक्षक राहुल खंडेलवाल, कोतवाली थाना प्रभारी डीबीएस तोमर, अवंतिका रेसलिंग सेंटर अध्यक्ष पवन यादव, कुश्ती खलीफ गजेन्द्र बागड़ी, पूर्व पार्षद जगदीश पंचाल, समाज सेवी संजय गुप्ता, पूर्व अंतरराष्ट्रीय पॉवर लिफ्टर गायत्री तोमर, सुदर्शन तिवारी, राधा किशन प्रजापति, मुकेश पहलवान मुख्य रूप से उपस्थित रहे खिलाड़ियों को मेडल सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

अतिथियों का स्वागत संस्था कोषाध्यक्ष नरेंद्र मालवीय सहसचिव अनिल चावंडा, आनंद सोलंकी, अरविंद शुक्ला परवेज मोहम्मद, अजय जाधव, सज्जाद हुसैन, उमेश पवार, लखन पोरवाल, मयंक जोशी, फईम उस्मानी, मनोज कपासिया, ईफ़्तिखर खान, शादाब खान द्वारा पुष्पमाला, पुष्प गुच्छ और आकर्षक मोमेंटो भेंट कर किया गया। चैम्पियनशिप में निर्णायक की अहम भूमिका नेशनल कैटेगरी 1 के निर्णायक दिलीप भूरिया, मनीष लश्करी, अंबिकेश तिवारी स्टेट रैफरी जीत चौहान, कैलाश जोशी, गिरीश, संस्था उपाध्यक्ष शोहेब कुरैशी द्वारा निभाई गई। स्पर्धा में सावन लोट ने 692.5 किलो वजन लिफ्ट कर स्ट्रांग मैन पॉवर लिफ्टिंग, मो. तनवीर हुसैन ने 182.5 किलो वजन लिफ्ट कर स्ट्रांग मैन बेंच प्रेस, निधी शर्मा ने कुल 317.5 किलो वजन लिफ्ट कर पॉवर लिफ्टिंग और 70 किलो वजन लिफ्ट कर बेंच प्रेस स्ट्रांग वूमेन दोनों खिताब अपने नाम किया। वहीं दूसरी ओर पॉवर लिफ्टिंग, स्क्वाड, बेंच प्रेस और डेड लिफ्ट चारों प्रतियोगिता में सावन लोट, रवि माली, मोहम्मद ग्वालियर वाला, शाकिर शेख, आरुष शर्मा, अभिषेक शर्मा, निखिल शर्मा, अभय सिंह राठौड़, दक्ष जैन, मो. तनवीर हुसैन, परवेज मोहम्मद, गिरीश नारायण, मो. इमरान ने अपने अपने वर्ग समूह में बेस्ट लिफ्टर के खिताबों पर कब्जा जमाया। संपूर्ण कार्यक्रम का आभार संस्था सह सचिव आनंद सोलंकी ने व्यक्त किया।

# सोयाबीन में पीला मोजक से प्रभावित क्षेत्र की जानकारी व सर्वे के निर्देश दिए


**उज्जैन। भारतीय किसान संघ उज्जैन के पदाधिकारियों और कृषि से जुड़े हुए विभाग प्रमुखों के साथ कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने बैठक जिला कलेक्टर कार्यालय उज्जैन में आयोजित की। इस महत्वपूर्ण बैठक में सोयाबीन फसल में पीला मोजक से प्रभावित क्षेत्र की जानकारी एवं सर्वे के निर्देश दिए गए।**

ज्ञात हो कि जिले की तहसीलों में सोयाबीन फसल में अचानक आए इस प्रकोप से कई किसान प्रभावित हो रहे हैं जिसमें सोयाबीन का पौधा पकने के पहले ही सूख जाता है इसको लेकर कलेक्टर श्री सिंह ने कृषि विभाग को जिले में सर्वे के निर्देश दिए हैं। बैठक में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पर भी खुलकर चर्चा हुई। जिसमें बीमा अधिकारी को विसंगतियां दूर करने एवं फसल बीमा के प्रचार के लिए कहा गया।

आगामी फसल की बोवाई के मद्देनजर जिले में खाद की उपलब्धता, नकली खाद बिक्री वालो पर कार्यवाही करने और अन्य कमियों को दूर करने के निर्देश सहकारिता विभाग और विपणन संघ के अधिकारियों को दिए दिए। रबी की फसल के लिए जिले में बिजली विभाग के खराब हुए ट्रांसफार्मर बदलने, झूलते तारों को ठीक करने और अन्य संबधी समस्याओं को समय पर ठीक करने के लिए विद्युत विभाग को कहा गया। भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी ने अलग-अलग विभागों की समस्याएं और उनकी तैयारी को लेकर वन टू वन चर्चा की। बैठक में पशुपालन विभाग के अधिकारियों को जिले में पशुओं में लंबी बीमारियों का प्रभाव देखने पर तैयारी की जानकारी ली। बैठक में विशेष रूप से भारतीय किसान संघ से दशरथ पांडया, जिला अध्यक्ष बहादुर सिंह आंजना, जिला मंत्री ईश्वर सिंह राजपूत, राजेश सिंह सोलंकी, शिव शर्मा उपस्थित थे। प्रांत महामंत्री भारत सिंह बेस ने कहा कि किसानों से जुड़े हुए सभी विषयों पर एक ही टेबल पर बैठकर समस्याओं का निराकरण एवं आगामी योजनाओं की तैयारी के लिए कलेक्टर की यह सराहनी पहल है।

# धूमधाम से मनाई गई तेजा दशमी

**माकड़ौन। लोक देवता सत्यवादी वीर तेजा जी महाराज का बलिदान दिवस तेजा दशमी बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सुभाष चौक स्थित तेजा जी मंदिर में दुपाड़ा, मानाखोरी, भाटपुरा, कड़ोदिया, बाजना तलाई, लाल तालाब, लसूलड़िया, भगतपुर, काथड़ी, बरोठिया, डेलची, टुकराल आदि गांवों से पधारे किसान, गौरक्षक, आमजन ने विशेष पूजा अर्चना कर निशान चढ़ाए। माकड़ौन में तेजा दशमी पर्व पर श्रद्धालु लोक गीतों पर नाचते झूमते हुए महाआरती में शामिल हुए।**



मंदिर में तेजा जी के दर्शन के लिए दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। एक हजार से ज्यादा संख्या में ग्रामीणजन कार्यक्रम में शामिल हुए। भक्तों द्वारा लगभग 15 फीट के झंडे निशान चढ़ाए। लोक देवता वीर तेजाजी महाराज को भगवान शिव के प्रमुख ग्यारह अवतारों में से एक माना जाता है। किसान अपनी खुशहाली के लिए तेजाजी महाराज को पूजते हैं और उन्हें कलयुग के सबसे चमत्कारी देवता मानते हैं। मंगलवार को तेजा दशमी पर माकड़ौन क्षेत्र के सभी गांवों में मंदिर पर विशेष पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर तेजाजी मंदिर उत्सव समिति श्याम कारपेंटर ने माकड़ौन नगर और आसपास से पधारे सभी ग्रामीणजनों भक्तजनों का आभार माना। जानकारी आचार्य देवनारायण प्रजापति ने दी।

**निर्णय** | सभी ने किया जिम्मेदारियों का निर्वहन

# 72 वर्षीय देवी प्रसाद शर्मा को देहदान, नेत्रदान करने पर दिया गार्ड ऑफ आनर

**उज्जैन।** अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम में डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार एवं सुधीर भाई की प्रेरणा से प्रथम बार रतलाम मेडिकल कॉलेज में देहदान एवं गीता भवन में नेत्रदान सम्पन्न .



अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम में 3 सितम्बर 2025 को सेवाधाम निवासी देवी प्रसाद शर्मा उम्र 72 वर्ष निवासी इंदौर की सुबह मृत्यु हुई उनके परिवारजन हितेश शर्मा, संदीप शर्मा, नितिन शर्मा, भाई बाबूलाल शर्मा आदि से चर्चा के बाद सुधीर भाई की प्रेरणा से परिवार ने देहदान का निर्णय लिया।

देहदान के पूर्व मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशानुसार देह दानी को जिला प्रशासन द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर उज्जैन जिला पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा जी के सहयोग से दिया गया एवं दानी का नेत्रदान भी गीता भवन के हरि किशन मेलवानी के माध्यम से डॉ. ददरवाल द्वारा संपन्न हुआ।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में मुस्कान ग्रुप के पदाधिकारी और सेवाधाम आश्रमवासियों ने गौरवशाली अवसर का अनुभव किया और देहदान का संकल्प लिया।

देवी प्रसाद को श्रद्धांजलि एवं सद्गुरु बैंड के साथ सेवाधाम आश्रम की एंबुलेंस से रतलाम मेडिकल कॉलेज भेजा गया। रतलाम में डॉक्टर लक्ष्मी नारायण पांडे चिकित्सा महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ अनीता मुथा ने देहदान स्वीकार किया। अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम के लिए यह प्रथम अवसर था जब गार्ड ऑफ ऑनर के साथ आश्रमवासी देवी प्रसाद शर्मा का देहदान संपन्न हुआ, आश्रम द्वारा पूर्व में 200 से अधिक देहदान किए गए और भारत वर्ष में देहदान करने वाली संस्थानों में अग्रिम पंक्ति में अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम ने इस जिम्मेदारी का निर्वाह किया, यह सॅम्पूर्ण देहदान आश्रम द्वारा शासकीय-अशासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों को निशुल्क किए जाते रहे हैं, ताकि योग्य चिकित्सकों का निर्माण कर भारत वर्ष में बीमारों की सेवा के लिए हो सके।

गार्ड आफ आनर में जिला प्रशासन, थाना भैरवगढ़ प्रभारी आर. एस. शक्तावत, एसआई शोभाराम किरार, नायब तहसीलदार घट्टिया राजेश चैहान, मोतीलाल कटारे राजस्व निरीक्षक सहित मुस्कान ग्रुप के साथ कांता भाभी मोनिका दीदी, आश्रम चिकित्सक डॉ सियाराम, डॉ जीवन, स्वास्थ्य प्रभारी सुभाष प्रधान एवं सेवासारथीगण उपस्थित रहे।